जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड

(जन–सम्पर्क अनुभाग)

(प्रेस विज्ञप्ति)

जयपुर जिला वृत में विद्युत चौपाल का आयोजन 7 अगस्त को

समस्याओं का होगा मौके पर ही समाधान

जयपुर, 6 अगस्त। ग्रामीण क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं की बिजली से सम्बन्धित समस्याओं के मौके पर ही त्वरिक समाधान के लिए जयपुर जिला वृत में मंगलवार 7 अगस्त, 2012 को 33/11 के.वी. के 25 ग्रिड सब–स्टेशनो पर विद्युत चौपाल का आयोजन किया जाएगा। मंगलवार को आयोजित होने वाली चौपाल में बिजली कनेक्शन, शिफ्टिंग, लोड बढाने, मीटर, विद्युत बिल, वोल्टेज, ट्रांसफार्मर जलने, ढीले तारों सम्बन्धी एवं अन्य शिकायतों का यथा संभव मौके पर ही समाधान करने का प्रयास किया जाएगा। जिन समस्याओं का समाधान मौके पर संभव नही होगा, उनका दिए गए निर्धारित समय में समाधान किया जाएगा।

जयपुर जिला वृत के अधीक्षण अभियन्ता श्री एस. पी. शर्मा ने बताया कि मंगलवार 7 अगस्त, 2012 को 33/11 केवी. उपकेन्द्र रतनपुरा, बिलौची, जमवारामगढ, दामोदरपुरा, लालपुरा, कानोता, दांतली, निमेड़ा, कादेड़ा, धानक्या, रीको–प्रथम, मोरीजा, चिथवाड़ी, पीलिया, पुनाना, गोविन्दपुरा बासड़ी, बन्धे के बालाजी, लुनियावास, रामजीपुरा, दूदू, ढ़ाकावाला, खोरी, विराटनगर, नारेहडा एवं प्रागपुरा उप केन्द्रों पर विद्युत चौपाल आयोजित की जाएगी।

श्री शर्मा ने बताया कि उपभोक्ताओं को शिकायत दर्ज करवाने के लिए वृत कार्यालय में टोल–फ्री टेलीफोन की सुविधा भी प्रदान की गई है, जिसका नम्बर 2200505 है। वृत के विद्युत उपभोक्ताओं से अपील है कि मंगलवार को 33/11 केवी उप–केन्द्र पर आयोजित होने वाली विद्युत चौपाल में आएं और मौके पर बिजली से सम्बन्धित समस्याओं का समाधान पाएं।

———

प्रेस विज्ञप्ति संख्या– 334/2012